ओम प्रकाश वाल्मीकि : जीवन–वृत्त और साहित्यिक परिचय

स्मिता कुमारी

ओमप्रकाश वाल्मीकि हिन्दी के अत्यंत महत्वपूर्ण रचनाकार हैं जिन्होंने हिन्दी के दलित साहित्य को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर लाकर खड़ा किया। उनका जन्म उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के ग्राम बरला में 30 जून 1950 ई0 में हुआ था। उन्होंने एम0 ए0 तक की शिक्षा ली। अध्ययन के दौरान उन्हें अनेक आर्थिक, सामाजिक, मानसिक कष्ट और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। वाल्मीकि जी कुछ समय तक महाराष्ट्र में रहे। महाराष्ट्र में दलित साहित्य की एक व्यापक पृष्ठभूमि रही है। महाराष्ट्र में ही वे दलित लेखकों के सम्पर्क में आए। महाराष्ट्र में ही उनका परिचय डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की रचनाओं और उनकी विचारधारा से हुआ। डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की रचनाओं को पढ़कर ही उनकी रचना दृष्टि में बुनियादी बदलाव आया।